दैनिक भास्कर

भिवानी भास्कर 31-01-2024

महिला कॉलेज में लगाई विज्ञान प्रदर्शनी

भास्कर न्यूज़ | बवानी खेड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय बवानी खेड़ा में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. रमन के दिशा-निर्देशन में विज्ञान प्रदर्शनी हुई। इस अवसर पर राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बवानी खेड़ा से छात्राओं ने अपने अध्यापक गण के साथ शिरकत की। महाविद्यालय में रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान एवं भूगोल में अपनी-अपनी प्रयोगशाला में मॉडल के साथ प्रस्तुति दी और मॉडल संस्कृति स्कूल से आए हुए छात्राओं को अपने-अपने मॉडल के विषय में अच्छे से जानकारी प्रदान की। उसके बाद विभिन्न सहायक प्रोफेसर ने अपने-अपने विषय से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं से छात्राओं को अवगत करवाया। इस अवसर पर प्रवीण कुमार, अमित खिरबत, पवन, हेमन्त, नीलम, मुकेश, अमित कुमार, राकेश, नीना, सोनम, निशा , सुमन, मिथलेश, सोनिका, सुमित आदि शिक्षक एवं गैर-शिक्षक सदस्य मौजूद रहे।

बवानीखेड़ा। राजकीय महिला कॉलेज में विज्ञान प्रदर्शनी में अपना प्रदर्शन करते हुए राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल बवानी खेड़ा की छात्राएं।